जागरण

आगरा में नकली टाटा नमक और सर्फ एक्सल फैक्ट्री का भंडाफोड़, असली पैकिंग में भरकर यूपी-राजस्थान में बेचते थे

जागरण संवाददाता, आगरा। जगदीशपुरा के अवधपुरी स्थित फैक्ट्री में नकली टाटा नमक और सर्फ एक्सल बनाया जा रहा था। जिसकी असली जैसी पैकिंग करके आसपास के जिलों एवं राजस्थान में खपाया जा रहा था। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सोमवार रात छापा मारा। मौके से भारी मात्रा में पैक्ड नकली टाटा नमक एवं सर्फ एक्सल बरामद किया है। एसटीएफ की कार्रवाई मंगलवार सुबह तक चली। मौके से फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

एक मकान में चल रही थी फैक्ट्री

एसटीएफ आगरा इकाई के इंस्पेक्टर हुकुम सिंह ने बताया कि अवधपुरी के मकान संख्या 77 में फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी पर छापा मारा गया। मौके से फैक्ट्री मालिक अजीजपुर धनौली मलपुरा के रहने वाले जीतेंद्र उर्फ जीतू राठौर को गिरफ्तार किया है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-stf-raids-in-factory-producing-fake-tata-salt-and-surf-excel-in-agra-district-23874940.html